---

**सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर**

**राष्ट्रीय एकता की ली शपथ**

**गांधी हिल्स से शिवाजी चौक तक एकता दौड़**

वर्धा, 01 नवंबर 2016: सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के संदेश को प्रचारित-प्रसारित करने की दृष्टि से 31 अक्तूबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गांधी हिल पर कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर उन्होंने वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन




किया। शपथ ग्रहण के बाद गांधी हिल्स से शिवाजी चौक तक राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया




गया। इस दौड़ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.




अनिल कुमार राय, डॉ. अन्नपूर्णा सी., डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. अख्तर




आलम, डॉ. बीरपाल सिंह यादव, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, डॉ. सुरजीत कुमार




सिंह, राजेश लेहकपुरे, बी. एस. मिरगे, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. राजेश्वर सिंह, डॉ. धामट, सुरभि




विप्लव, राजीव पाठक, तुषार वानखेडे, राजेंद्र घोडमारे सहित शोधार्थी विद्यार्थी एवं कर्मी बड़ी संख्या में




शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रचारित-प्रसारित करने के लिए विद्यार्थियोंने अपने हाथों में बैनर लेकर यह दौड़ गांधी हिल्स से पंजाबराव कालोनी, आर्वी नाका से शिवाजी चौक तक थी। इस दौड़ में

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के साथ अन्य विभागों के शोधार्थी एवं विद्यार्थी, सुरक्षा कर्मी आदि ने भी सहभागिता की।